बिहार स्टेट पावर ट्रॉन्समिशन कम्पनी लि०
संचरण जोन पटना
(Contact No:- 7763817733)
(TIN VAT No 10011257007 TINCST No. 10011146136 CIN-U40102BR2012SGC018889)
Email :trzpatna@gmail.com

सूचना

श्री मदन कुमार, तदेन सहायक परिचालक ग्रेड–II संरचण अवर प्रमंडल, बाढ़ को आदेश की अवहेलना, अनुशासनहीनता एवं कनीय विद्युत अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल बाढ के साथ अभद्र व्यवहार के मामले में महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, संचरण जोन पटना के कार्यालय आदेश संख्या 216, ज्ञापांक 969 दिनांक 29-06-2015 द्वारा संचरण अवर प्रमंडल बाढ़ से स्थानांतरित करते हुए संचरण अवर प्रमंडल चंदौती में पदस्थापित किया गया। उक्त आलोक में सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल, बाढ़ के कार्यालय आदेश संख्या 02 दिनांक 06-07-2015 द्वारा संचरण अवर प्रमंडल चंदौती में योगदान हेतु विरमित किया गया। परंतु श्री कुमार आदेश की अवहेलना करते हुए संचरण अवर प्रमंडल, चंदौती में कार्यभार ग्रहण नही किया गया। तदोपरांत महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, संचरण जोन पटना के कार्यालय आदेश संख्या 234 दिनांक 14-07-2015 के द्वारा निलंबित कर निलंबनावधि में मुख्यालय संचरण अंचल, डेहरी–ऑन–सोन निर्धारित किया गया, साथ ही महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता संचरण जोन पटना के कार्यालय आदेश संख्या 250 दिनांक 01-08-2015 के द्वारा उक्त मामले में आरोप पत्र गठित कर इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित किया गया है, एवं श्री अरूण कुमार चौधरी, विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, पटना को जाँच पदाधिकारी मनोनित किया गया है।

परंतु श्री कुमार आदेश निर्गत होने के पाँच माह बाद भी निलंबनावधि में निर्धारित मुख्यालय संचरण अंचल, डेहरी–ऑन–सोन में योगदान नही किया है, तथा जाँच पदाधिकारी के कई निबंधित पत्राचारों एवं दूरभाष पर संपर्क के बाद भी जाँच पदाधिकारी के समक्ष अपना पक्ष/साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित नही हो रहें हैं।

अतएव श्री मदन कुमार, तदेन सहायक परिचालक ग्रेड–II (निलंबित), संचरण अंचल, डेहरी–ऑन–सोन, स्थायी पता पिता :– श्री शशि नाथ साह, ग्राम–राजपुर सरसंडी पो०–ग्वालपाड़ा जिला मधेपुरा (बिहार) पिन कोड–852115 को अंतिम बार निदेशित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 10 (दस) दिनों के अंदर संचरण अंचल, डेहरी–ऑन–सोन में योगदान करते हुए जाँच पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष/साक्ष्य प्रस्तुत करें अन्यथा जाँच पदाधिकारी मामले में एक पक्षीय निर्णय लेने हेतु स्वतंत्र होगें।

ह०/–
(अनिल प्रसाद)
महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता संचरण जोन पटना

ज्ञापांकः– 1606 दिनांक 24/12/15

प्रतिलिपि महाप्रबंधक (मा०सं०/प्रशा०)/~~महाप्रबंधक~~ (आई०टी०), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1. महाप्रबंधक (मा०सं०/प्रशा०), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना से अनुरोध है कि उक्त सूचना को समाचार पत्रो में प्रकाशित करवाने की कृपा करें।

2. उप महाप्रबंधक (आई०टी०) से अनुरोध है कि उक्त सूचना को बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के वेबसाईट पर प्रकाशित करवाने की कृपा करें।

24/12/15
(अनिल प्रसाद)
महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता संचरण जोन पटना